53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.5 °c
अधिकतम 25.3 °c

**अमृतवाणी**
चलता रहूँगा पथ पर
चलने में माहिर बन जाऊंगा।
या तो मंजिल मिल जाएगी,
या अच्छा मुसाफिर बन जाऊंगा।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:45, सूर्यास्त - 5:22 | वर्षः 53/अंक:318 मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ- 4

**डबल पैन कार्ड केस में आजम खां और बेटे को सात-सात साल की सजा,जेल भेजा गया : रामपुर**



वक़्त ने किया क्या हसीं सितम..... तुम रहे न तुम, हम रहे न हम.....

# दलित परिवार का धर्म-परिवर्तन कराने की कोशिश पर हंगामा

- नसीरपुर में ईसाई धर्म-प्रचारकों ने लालच देकर किया परिवार को ईसाई बनाने का प्रयास
- विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के हंगामे के बाद भाग खड़े हुए आरोपी

**मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)।** शहर से सटे नसीरपुर इलाके में गरीब दलित परिवार का ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन करने की योजना विश्व हिंदू परिषद व बंजरग दल के कार्यकर्ताओं के दखल के बाद असफल हो गई। मामले की सूचना के बाद वहां पहुंचे कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा किए जाने पर परिवार का धर्म-परिवर्तन कराने के लिए सहारनपुर से आए ईसाई धर्म के लोग मौके से फरार हो गए। आरोप है कि घर में ईसाई धर्म की प्रार्थना कराई जा रही थी। पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर के निवासी एक गरीब परिवार का मुखिया लाखन कटारिया ट्रक चलाने का काम करता है। वह अपनी पत्नी सपना, मां बालेश्वरी व तीन बच्चे शिव, किट्टू व एलिक्स के साथ नसीरपुर गांव में रहता है। बताया गया है कि सोमवार को सहारनपुर से ईसाई धर्म का जोनी पास्टर व उसका एक साथी उसके घर पर आए। दोनों आरोपियों ने परिवार को तरह-तरह के लालच देने के बाद अपनी बातों में फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कर ईसाई बनाने का प्रयास किया। इस मामले की भनक विश्व हिन्दू परिषद व बजंरग दल के कार्यकर्ताओं को मिली। कार्यकर्ता लाखन कटारिया के घर पर पहुंच गए और उन्हें धर्म परिवर्तन करने से रोका। कार्यकर्ताओं ने धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के हंगामा करने के बाद आसपास के ग्रामीण भी वहां एकत्र हो गए। इस बीच ईसाई समुदाय के लोग मौका देखकर फरार हो गए। कार्यकर्ताओं ने इस प्रकरण की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। धर्म परिवर्तन और इसके विरोध में हंगामे की सूचना मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इसके बाद पुलिस ने हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शांत किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि परिवार पर दबाव बनाकर व लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने और उन्हें ईसाई धर्म में पविर्तित कराने का प्रयास किया गया। हंगामे के बाद उसके मकान पर एक महिला के मिलने पर भी शक जताया गया



कि वह धर्म परिवर्तन गिरोह की सदस्य हो सकती है। लाखन ने उसे अपनी बहन की सहेली बताया। इस दौरान हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता प्रतीक शर्मा, तरुण, विक्रांत, वंश, मनु शर्मा, हर्ष मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि धर्मपरिवर्तन कराने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए दोषी लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मामले की जानकारी देते हए सीओ मंडी राजू कुमार साव ने बताया कि लाखन कटियार की तहरीर के आधार पर जोनी पास्टर और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## फैक्ट्री के बॉयलर में लगी आग, अफरातफरी मची

**सिखेड़ा/जानसठ, 17 नवम्बर (बु.)।** टायरों की फैक्ट्री में रविवार की रात्रि को अचानक बॉयलर में आग लग गई। आग लगने से मजदूरों में अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी और मजदूरों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। सिखेड़ा क्षेत्र में स्थित टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में रविवार की रात्रि को करीब डेढ़ बजे अचानक से बॉयलर में आग लग गई। आग लगने से मजदूरों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौके पर बुलवाया। दमकल कर्मियों और फैक्ट्री के मजदूरों ने बामुश्किल आग को बुझाया। बॉयलर में लगी आग को बुझाने में करीब डेढ़ घंटा लगा। आग बुझने पर फैक्ट्री के मजदूरों ने राहत की सांस ली। फैक्ट्री में आग लगने से काफी नुकसान पहुंचा है।



## आजम खान और उनके बेटे को 7-7 साल की सजा

**रामपुर, 17 नवम्बर (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला को फिर 7-7 साल की सजा हुई है। यह फैसला रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को फर्जी पैन कार्ड मामले में सुनाई है। जिसमें दोनों को दोषी करार दिया। थोड़ी देर बाद सजा सुना दी। साथ ही कोर्ट ने दोनों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। आजम खान इस साल 23 सितंबर यानी 2 महीने पहले ही सीतापुर जेल से रिहा हुए थे। दूसरी ओर उनके बेटे अब्दुल्ला 9 महीने पहले हरदोई जेल से छुटे थे, लेकिन अब दोनों एक बार फिर से जेल जाएंगे, लेकिन इस फैसले के बाद बाप-बेटों की मुश्किल एक बार से बढ़ गई है। वहीं आजम खान की विधायकी जाने के बाद रामपुर शहर सीट पर 5 दिसंबर 2022 को उपचुनाव कराए गए थे। 7 दिसंबर को रिजल्ट घोषित हुआ, इसमें भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने आजम के करीबी आसिम रजा को 25,703 वोटों से हरा दिया। बता दें बहुचर्चित फर्जी पैन कार्ड का मामला साल 2019 का है। रामपुर से भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।**



## सर्वजातीय सर्वखाप महासम्मेलन में शामिल हुए जम्मू कश्मीर के उप-मुख्यमंत्री सुरेंद्र सिंह

- अपने देश अपनी भूमि एवं अपने बुजुर्गों पर मुझे गर्व : सुरेंद्र सिंह चौधरी
- वैश्य समाज को भी छोड़नी होगी फिजूल खर्ची : कपिल देव अग्रवाल
- अंतरजातीय विवाह समेत कई महत्वपूर्ण फैसलों का आज गवाह बनेगा सोरम

**शाहपुर, 17 नवम्बर (बु.)।** ऐतिहासिक गांव सोरम में आयोजित सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत के दूसरे दिन जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र सिंह हेलीकॉप्टर से सोरम गांव पहुंचे, जहां हेलीपैड पर उन्हें लेने के लिए चौधरी राकेश टिकैत के साथ जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। सोरम पहुंचने के बाद सबसे पहले जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने सोरम के ऐतिहासिक पंचायत, घर का निरीक्षण किया, वहां पर उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पंचायत घर पर मौजूद सभी समाज के बुजुर्ग व्यक्तियों ने पंचायत घर के 400 साल पुराने ऐतिहासिक महत्व के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसके बाद उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर जाकर पुष्प-वर्षा की। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सहित खाप चौधरियों एवं थाम्बेदारों ने सम्बोधित करते हुए मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। गांव सोरम में आयोजित सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमें अपने देश, अपनी भूमि तथा अपने बुजुर्गों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जब भी इतिहास लिखा जायेगा, वह बड़ी शान-शौकत के साथ लिखा जायेगा, बड़ी आन-बान और शान के साथ लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि हम गरीब थे, परन्तु हम झुके नहीं, हमें झुकना भी नहीं है। हमें सीना तानकर अपने अपने देश, अपने देश के तिरंगे की शान के लिए तैयार रहना है। जम्मू कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि सर्वखाप महापंचायत से उन्हें जो भी आदेश मिलेगा, वह उन्हे मंजूर होगा। उन्होंने कहा कि आज हम बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत को याद करते हैं, परन्तु बाबा टिकैत ने जो सपने देखे थे, क्या हम उन सपनों को पूरा कर रहे हैं। क्या हम किसान मसीहा चौधरी चरणसिंह के सपनों को पूरा कर रहे हैं, यह हम सभी के लिए विचारणीय है। सुरेन्द्र



चौधरी ने मंच के माध्यम से कहा कि मैं अपने बुजुर्गों से विनती करूंगा कि हम सभी पर अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद एवं प्यार रहे। हमें अपने बुजुर्गों का पूरा सम्मान करना है एवं उनके बताए मार्ग पर चलते हुए उनके आदेशों का पालन करना है। उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि वे भाकियू अध्यक्ष बड़े भाई चौ. नरेश टिकैत एवं मंत्री सुभाष चौधरी के न्यौते पर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सर्वखाप महापंचायत का बहुत नाम सुना था और महापंचायत के विषय में जैसा सुना था, वैसा ही देख रहा हूं। आप सभी के आशीर्वाद से मुझे आप सभी अपनों के बीच आने का मौका मिला। यह मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमें फख्र है कि हम अपने बुजुर्गों की सदारत में इस कार्यक्रम में सम्मलित हो रहे हैं। देश की आजादी में आप सभी का बडा योगदान है। आप लोगों ने देश के बॉर्डरों की रक्षा की है। अपने बच्चों की कुर्बानी कर अपने देश को बचाया है। जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने महापंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं भी फौजी का बेटा हूं, तभी यहां आया हूँ। यहां हमारे बुजुर्ग तथा हमारे सभी अपने मौजूद हैं। हमारे बुजुर्गों से हमें यह विरासत मिली है। इस विरासत को चौ. नरेश टिकैत आगे बढ़ा रहे हैं। सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमारी पहचान देश के जवान और किसान से है। उन्होंने मंच के माध्यम से जय जवान जय किसान के नारे लगवाते हुए महापंचायत में बुलवाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा खाप चौधरियों, थाम्बेदारों, बुजुर्गों का

शेष समाचार : पृष्ठ चार पर पढ़ें

## बुलडोजर चलाने वाले लेखपाल के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

### पीड़ित ने वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से कार्रवाई की गुहार लगाई

**मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)।** मकान पर लेखपाल द्वारा बुलडोजर चलाने की डीएम से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने पर खेड़ी दूधाहेड़ी निवासी कमल प्रजापति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बघरा ब्लॉक के गांव खेड़ी दूधाहेड़ी के निवासी कमल प्रजापति ने पिछले सप्ताह जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा था कि पटवारी और ग्राम प्रधान ने मिलकर उसके मकान को बुलडोजर चला कर गिरा दिया। इस पर डीएम ने सवाल किया था कि लेखपाल को बुलडोजर चलाने का हक किसने दिया। उन्होंने एसडीएम सदर को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। इस पर कोई कार्रवाई ना होने पर कमल ने एक वीडियो वायरल कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। वीडियो में कमल प्रजापति ने आरोप लगाया है कि ग्राम लेखपाल बसंत कुमार ने उनसे बिना किसी नोटिस और चेतावनी के उसके मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। उसने यह भी आरोप लगाया कि लेखपाल ने उसे व्हाट्सएप कॉल कर 20 हजार रुपये की मांग की। कमल का कहना है कि रुपये न देने पर उनके घर पर बिना किसी पूर्व सूचना के बुलडोजर चलवाया गया। कमल प्रजापति का यह भी कहना है कि एक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बार-बार व्हाट्सऐप कॉल करना सवाल खड़े करता है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है।



## रामपुर तिराहा कांड: गवाह के साथ की जिरह

**मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)।** उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर फायरिंग से जुड़े रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सीबीआई द्वारा दूसरे गवाह को कोर्ट में पेश किया गया। इसके चलते दोबारा गवाही के मामले में बचाव पक्ष व अभियोजन ने कोर्ट में बहस की। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 19नवम्बर की तिथि तय की है। रामपुर तिराहा के सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई एडीजे कोर्ट नम्बर 9 में चली। इसकी जानकारी देते हुए उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि सोमवार को सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में कोर्ट में दूसरे गवाह को दोबारा गवाही के लिए पेश बुलाया। इस दौरान बचाव पक्ष व अभियोजन द्वारा जिरह की गयी है। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 19 नवम्बर की तिथि नियत की है।

## तीन मृत लोगों को जिंदा दिखाकर पंद्रह करोड़ की जमीन हथियाई

- एसएसपी की जांच के पुष्टि के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश
- घोटाले में तहसील कर्मियों की भूमिका की भी जांच के लिए एसएसपी ने की संस्तुति

**मुजफ्फरनगर, 17 नवंबर (बु.)। भूमाफिया ने पंद्रह करोड़ की जमीन हथियाने के लिए तीन मृत लोगों को जिंदा दिखाकर उनके फर्जी एफीडेविट लगाकर संपत्ति का बैनामा करा लिया। सीओ भोपा द्वारा की गई जांच में आरोप सही पाए गए। इस मामले जानसठ के तहसील के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मिली। अब एसएसपी ने सीओ की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को तहसील कर्मियों की भूमिका की जांच कराने की संस्तुति की है। भोपा क्षेत्र में यह फर्जीवाड़ा हुआ। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई साल पहले मर चुके तीन लोगों को जिंदा दिखाकर भूमि पर गलत तरीके से कब्जा कर लिया गया। इसकी कीमत करीब पंद्रह करोड़ है। भोपा के कृष्णपाल का आरोप है कि कि भू-माफिया ने पूर्व में मर चुके मदनपाल, नकली सिंह और धर्मपाल को जिंदा दर्शाकर उनके फर्जी शपथ पत्र और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जानसठ एसडीएम से अपने हक में करा लिया। शिकायतकर्ता कृष्णपाल ने बताया कि जिन लोगों के**




**फर्जी एफीडेविट बनवाए गए हैं, उनमें मदनपाल की 2012, नकली सिंह की 2016 और धर्मपाल की 2024 में मौत हो चुकी है। मामले की शिकायत के बाद एसएसपी संजय वर्मा ने आरोपों की जांच क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेयी से कराई थी। जांच में शिकायतकर्ता के आरोप सही पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार भूमि के हस्तांतरण में तहसील कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध नजर आई। इसी मसले पर सोमवार को कृष्णपाल की ओर से मामले को लेकर फिर एसएसपी से संपर्क किया गया। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जमीन के हस्तांरण में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के अलावा तहसीलकर्मियों की भूमिका की जांच के लिए भी जिलाधिकारी को लिखा है। एसएसपी ने कहा कि करोड़ों की जमीन कब्जाने के आरोपों पर सीओ भोपा से कराई जांच में पाया गया है कि पूर्व में मृत लोगों को जिंदा दिखाकर उनके फर्जी शपथ पत्र बनवाए जाने का मामला सही पाया गया है। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को कहा गया है। जिलाधिकारी को तहसील कर्मचारियों की भूमिका की अलग से जांच कराने के लिए संस्तुति की गई है।**

## दिल्ली ब्लास्टः आरोपी डॉ. शाहीन का पंजीकरण रद्द


**लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली बम ब्लास्ट में आरोपी डा. शाहीन और जम्मू के मूल निवासी डा. आदिल अहमद का पंजीयन उत्तर प्रदेश से रद्द कर दिया गया है। राष्ट्रीय मेडिकल काउंसिल के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल काउंसिल ने दोनों का पंजीयन रद्द कर दिया है। पंजीयन निरस्त होने के बाद ये चिकित्सकीय कार्य नहीं कर सकते हैं। दिल्ली बम ब्लास्ट में नाम आमने आने के बाद इंडियन मेडिकल काउंसिल ने कई डॉक्टरों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम के तहत कार्य करने और नैतिकता के खिलाफ कार्य करने की कार्रवाई की है। सभी राज्यों की स्टेट मेडिकल काउंसिल को भी पत्र भेजा गया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल काउंसिल ने डा. शाहिन और जम्मू निवासी डा. आदिल अहमद का पंजीयन रद्द कर दिया है। डा. शाहीन ने 2005 में पंजीयन कराया था, जबकि डा. आदिल अहमद जम्मू कश्मीर का मूल निवासी है। वह पहले जम्मू और कश्मीर मेडिकल काउसिल में पंजीकृत था। वहां से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल काउंसिल में आवेदन किया। इसे वर्ष 2010 में पंजीकृत किया गया। वह प्राइवेट प्रैक्टिस करने की बात कह कर पंजीयन कराया था।

## बंदरों से बनी हुई है आफत, अगले दो दिनों में मिलनी शुरू होगी राहत

**मुजफ्फरनगर, 17 नवम्बर (बु.)।** शायद ही शहर का कोई हिस्सा होगा, जहां बंदरों ने उत्पात ना मचा रखा हो। प्रतिदिन लोगों की अधिकारियों को शिकायत आती रहती है। कभी छत पर बैठकर टीन को तोड़ देते हैं, तो कभी घर का सामान उठाकर ले जाते हैं। घर की महिलाओं का तो छत पर जाना दुश्वार हो गया है ना जाने कहां आयें और झपट्टा मारकर घायल करके भाग जाये।

आपको बता दें कि अभी 4 दिन पहले ही मुजफ्फरनगर के गांधी कॉलोनी में बंदरों के हमले से 8 साल का बच्चा घायल हो गया। सीसीटीवी में कैद यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हुई। आपको बता दें कि 9 नवंबर की शाम को रविंद्र छाबड़ा के घर बाहर उनका बेटा अपने भांजे-भांजी के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बंदरों के एक झुंड ने अचानक बच्चों पर हमला कर दिया। हमले में रविंद्र का भांजा कियान घायल हुआ जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। रविंद्र छाबड़ा ने नगरपालिका से अपील की है कि इन बंदरों को जल्द पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाए, ताकि किसी और बच्चे को नुकसान न पहुंचे। आपको बता दें कि इस मामले के बाद ही नगर पालिका ने बताया कि 55 वार्डों में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलेगा और पकड़े गए बंदरों को शहर से दूर जंगलों में

**अगले दो दिनों पालिका की टीम द्वारा चलाया जाएगा बंदर पकड़ो अभियान**



छोड़ा जाएगा। शहर से लेकर गांव तक बंदरों का आंतक बना हुआ है। बंदरों के आंतक से लोग काफी परेशान और भयभीत हैं। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि घर के बाहर और छत पर सामान रखना भी बड़ा दुश्वार हो गया है। उत्पाती बंदरों के कारण लोगों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में काफी स्थानीय लोगों ने सुरक्षा और नुकसान से बचने के लिए घर के खुले भाग पर लोहे के जाल लगवा दिए हैं। शहरी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों ने कई लोगों पर हमला कर घायल भी कर दिया है। घर का सामान तो ऐसे उठाकर ले जाते हैं मानों उनका अपना सामान हो। अब ऐसे में लोग कई बार प्रशासन और नेताओं से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन नेताओं ने तो मांनो जनता की ओर ना देखने की कसम खा रखी हो, हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि लोगों की बार-बार की गुहार से नेताओं को कुछ शर्म आई है, जिसके कारण इस बार मुजफ्फरनगर नगरपालिका की बोर्ड बैठक में बंदरों को पकड़ने का प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के तहत बंदरों को पकड़ने के लिये एक विशेषज्ञ टीम को हायर करना और कम से कम 1000 से ज्यादा उन बंदरों को पकड़ा जाए, जिन्होंने नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी उत्पात मचा रखा है। यह प्रस्ताव पास हुए भी लगभग तीन महीने होने को थे, तब जाकर अब जानकारी मिल रही है कि अब बंदर पकड़ने का टेंडर किसी को दे दिया गया



है। अब इस समस्या पर जानकारी मिली है कि आने वाले दो दिनों में जयपुर से टीम आकर बंदरों को पकड़ेगी और उन्हें खुले वन्य क्षेत्र में छोड़कर आयेगी। अब लोग आने वाले दिनों में बंदरों के उत्पात से राहत की सांस लेंगे।



